

# अटल जी के जीवन से प्रेरणा लेकर भाजपा को और अधिक मजबूत करेगा अजा मोर्चा : भगवान सिंह

**▸ अटल जन्म शताब्दी वर्ष को लेकर भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार का मंदसौर हुआ आगमन**

**मंदसौर।** अटल जन्म शताब्दी वर्ष को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, संगठन महामंत्री हितानन्द शर्मा के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश के साथ मंदसौर जिले में भी अनेक संगठनात्मक कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में निरन्तर जारी हैं। इसी क्रम में आज भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार का जिला भाजपा कार्यालय आगमन अजा मोर्चा की बैठक के संबंध में हुआ। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, अजा मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी शैलेश गिरजे एवं भगवती प्रसाद शिंदे, गोकुल खण्डाल, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, डॉ. सुषमा आर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, न.पा. अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष अशोक सूर्यवंशी, भाजपा नेता निहालचंद मालवीय, भाजपा जिला महामंत्री महेश जूनवाल आदि मंचस्थ रहे। बैठक के पूर्व पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी एवं अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चार्थ अजा मोर्चे के जिला पदाधिकारीयों द्वारा मंचस्त समस्त अतिथिगणों का स्वागत किया गया।

अटल जन्म शताब्दी वर्ष को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुये अजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भगवानसिंह परमार ने कहा की हम ऐसी सक्शियत की जन्म जयंती बना रहे हैं जिन्होने राष्ट्र प्रथम का मार्ग हम सभी को दिखाया हैं राष्ट्र प्रथम की नीति पर चलते हुए प्रधानमंत्री के रूप में अटल जी ने पोखरण परमाणु परीक्षण कर अपने




मजबूत इरादे विश्व को दिखा दिये थे केवल राजनीतिक निर्णयों के माध्यम से अटल बिहारी वाजपेयी के पूरे व्यकक्तित्वि को नहीं समझा जा सकता।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज जिस दृढ़ संकल्प के साथ देश को एक सक्षम और निर्णायक नेतृत्व? प्रदान करते हुए सच्चेन अर्थों में अटल जी के 21 सदी भारत की सदी बाने के स्व प्नृ को साकार कर रहे हैं। निर्णायक और पारदर्शी शासन, भ्रष्टीचार मुक्ती अर्थव्येवस्थाय और तकनीकि आधारित पारदर्शी लोक कल्याकणकारी योजनाएं अटल जी की विरासत को संभालने और उसे आगे ले जाने के महत्व पूर्ण प्रयास हैं। आज भारत का जो चित्र सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से विश्व पटल पर उभर रहा है। अटल स्मृति वर्ष और 25 दिसंबर हमें यह विचार करने का अवसर देते हैं कि हम अटल जी के बताए मार्ग पर कितनी दृढ़ता से चलते हुए उनसे प्रेरणा प्राप्‍त कर रहे हैं। उनका जीवन यह सिखाता है कि लोकतात्रिक परंपराओं, राष्ट्रीयता, व्यरक्तिगत जीवन में शुचिता, सकारात्माकता और धैर्य के साथ राष्ट्रन व समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन किस प्रकार करना है। 25 दिसंबर और अटल स्मृति वर्ष हमें यह संकल्प दिलाते हैं कि राजनीति राष्ट्रसेवा और लोककल्याण का साधन है। साथ ही हमें इस बात का ध्यान रखना होगा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में अजा वर्ग के कल्याण के लिए अनेको योजनाएं धरातल पर दिखाई देती हैं जिनमें मुख्य रूप से संत रविदास स्वरोजगार योजना, डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना, पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप योजना, प्री-मैट्रिक स्कॉलरशिप योजना, अनुसूचित जाति छात्रावास योजना है मेरा आप सभी से आग्रह है कि हमें भारतीय जनता पार्टी की योजनाओं को अपने समाजों के घर-घर तक पहुंचाना होगा और भाजपा को और अधिक मजबूत करना होगा।

कार्यक्रम में स्वागत उद्धबोदन देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा की प्रदेश भाजपा ने आदरणीय भगवानसिंह परमार को अजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है की आपके नेत्रत्व में भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश के साथ मंदसौर जिले में भी कांग्रेस के दुष प्रचार का मुँह तोड़ जवाब देगा।

बैठक में भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी शैलेश गिरजे एवं भगवती प्रसाद शिंदे ने भी अपने विचार प्रकट किये। बैठक के बाद भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने भाजपा जिला पदाधिकारी गण, अजा मोर्चा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ पंडित अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती की पूर्व संध्या पर अटल जी के चित्र के सामने दीप प्रज्वलन कर पुष्पांजलि भी अर्पित की।

## एक नजर में

### विद्युत उपभोक्ता 31 दिसंबर तक सरचार्ज की अधिकतम छूट का लाभ ले

**मंदसौर।** मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं को बकाया राशि के समाधान हेतु संचालित ओटीएस (समाधान) योजना सीमित अवधि के लिए लागू है। अधीक्षण यंत्री, मंदसौर द्वारा जानकारी दी गई है की उक्त योजना में सरचार्ज की अधिकतम छुट दिनांक 31 दिसम्बर तक ही लागु है अत: समस्त बकायादार उपभोक्ताओ से अपील की जाती है की वे अधिकतम छूट का लाभ प्राप्त करने हेतु 31 दिसम्बर 2025 से पूर्व अपने संबंधित वितरण केंद्र में उपस्थित होकर अथवा ऑनलाइन कंपनी के पोर्टल से योजना में पंजीयन कराएं एवं बकाया राशि का भुगतान सुनिश्चित करें ताकि उपभोक्ता को इस योजना के अंतर्गत शासन से प्रदत्त अधिकतम छुट का लाभ प्राप्त हो सके। योजना समाप्ति उपरांत सम्पूर्ण बकाया राशी वसूली योग्य होगी। यह उल्लेखनीय है कि मंदसौर जिले अंतर्गत वर्तमान तक कुल 15,403 उपभोक्ताओं द्वारा अपनी बकाया राशि 4.82 करोड़ रु का भुगतान किया जा चुका है, जिसके अंतर्गत योजना के तहत अधिभार 73.15 लाख रु की छूट प्राप्त की जा चुकी है।

### मास्टर प्लान की आपत्तियों पर 22 से 24 दिसंबर तक चली लगातार गहन सुनवाई



**मंदसौर।** मास्टर प्लान 2041 के संबंध में प्राप्त आपत्तियों पर कलेक्टर कार्यालय सभागार में आयोजित सुनवाई का आज तीसरा दिवस सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। तीसरे दिन कस्बा मंदसौर, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से प्राप्त आपत्तियों पर गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ एक-एक कर विस्तृत सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के संयुक्त संचालक, उप संचालक सहित मास्टर प्लान समिति के सदस्य उपस्थित रहे। विधायक विपिन जैन भी अपनी आपत्तियों के साथ सुनवाई में शामिल हुए। प्रत्येक आपत्तिकर्ता को अपना पक्ष रखने का पूरा अवसर प्रदान किया गया तथा सभी आपत्तियों को गंभीरता से सुना गया। सुनवाई प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रत्येक आवेदक की सुनवाई की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गई। मास्टर प्लान को अधिक व्यावहारिक, जनहितैषी एवं विकासोन्मुख बनाने के उद्देश्य से प्राप्त सभी आपत्तियों पर नियमानुसार विचार कर रिकॉर्ड में रखा गया है।

### इंडिगो एयरलाइंस में नौकरी दिलाने के नाम पर 8 लाख की ठगी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर।** वायडी नगर थाना पुलिस ने इंडिगो एयरलाइंस में नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जी दस्तावेज भेजकर करीब 8 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा किया है। इस मामले में पुलिस ने नूह मेवात (हरियाणा) निवासी मुख्य आरोपी मोहम्मद इजहार सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी राहुल जोशी निवासी हरदा और मोहम्मद इजहार निवासी नूह मेवात ने मिलकर तीन युवाओं से एयरपोर्ट पर नौकरी दिलाने का झांसा दिया। आरोपियों ने ऑनलाइन एविएशन ट्रेनिंग करवाई और इंडिगो एयरवेज के फर्जी नियुक्ति दस्तावेज ई-मेल के माध्यम से भेजकर करीब 8 लाख रुपये ठग लिए। इंडिगो एयरलाइंस से सत्यापन कराने पर दस्तावेज फर्जी पाए गए। जांच में सामने आया कि मोहम्मद इजहार दिल्ली में कथित एविएशन प्रशिक्षण संस्था संचालित कर ठगी को अंजाम देता था, जबकि राहुल जोशी कमीशन लेकर छात्रों से राशि वसूलता था। पुलिस अधीक्षक श्री विनोद कुमार मीना के निर्देश पर साइबर सेल और वायडी नगर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने तकनीकी विश्लेषण और जमीनी पुलिसिंग के आधार पर दिल्ली के द्वारका क्षेत्र से आरोपी मोहम्मद इजहार को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक शिवांशु मालवीय सहित वायडी नगर थाना और साइबर सेल की टीम का सराहनीय योगदान रहा।

### कलेक्टर ने जमुनिया खुर्द एवं केलुखेडा की आंगनवाडी केंद्रों का किया निरीक्षण

**नीमच।** जिले में जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने बुधवार को नीमच विकासखण्ड के ग्राम जमुनियाखुर्द एवं केलूखेडा का भ्रमण किया और आंगनवाडी केंद्रों का निरीक्षण कर अर्ली चाईल्ड केयर एज्यूकेशन गतिविधियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने आंगनवाडी के बच्चों से चित्र देखकर, पहचान करने, अंक ज्ञान, अक्षर ज्ञान आदि की जानकारी ली और वर्कबुक के माध्यम से बच्चों को प्रेक्टिस करवाने के निर्देश आंगनवाडी कार्यकर्ता व सुपरवाईजर को दिए। कलेक्टर ने जमुनिया खुर्द आंगनवाडी केंद्र में बाल उपयोगी पेंटिंग करवाने, भवन की रंगाई, पुताई करवाने का कार्य एक सप्ताह में पूरा करवाने के निर्देश भी पंचायत सचिव को दिए। कलेक्टर ने जुनियाखुर्द व केलूखेडा की आंगनवाडी में कार्यकर्ताओं से कहा, कि वे बच्चों को प्रतिदिन वर्कबुक अनुसार प्रेक्टिस करवाएं। उन्होने बच्चों को वितरित किए जाने वाले दलिया को चखकर उसकी गुणवत्ता परखी और बच्चों को चीनी विहिन नाश्ता व भोजन प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जल निगम से चर्चा कर आंगनवाडी स्कूल, भवन तक पेयजल पाईप लाईन बिछाकर नल से जल आपूर्ति सुनिश्चित करवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## मुंडली में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया

**मन्दसौर। राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर के कुलगुरु डॉ अरविन्द कुमार शुक्ल के निर्देशन में उद्यानिकी महाविद्यालय मंदसौर द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र कालूखेड़ा के संयुक्त तत्वाधान में रावे कार्यक्रम के तहत गांव मुंडली में रबी फसलों पर किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया।**



उद्यानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ आई एस तोमर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कृषकों को उद्यानिकी फसलों के महत्व के बारे में बताते हुए कृषकों को नवीनतम तकनीकी के माध्यम से खेती करने की समझाइश प्रदान करते हुए सिंचाई जल प्रबंधन के बारे में बताते हुए ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति के प्रयोग के बारे में विस्तार से बताया जिससे किसान कम पानी में भी अधिक उत्पादन ले कर आर्थिक रूप से सक्षम बन सके।

कार्यक्रम प्रभारी डॉ एच पी सिंह ने मिट्टी परीक्षण के महत्व के बारे में बताते हुए खेत से मिट्टी का सैंपल लेने का तरीका बताया। कृषि विज्ञान केंद्र कालूखेड़ा के प्रमुख डॉ सर्वेश त्रिपाठी ने कृषकों को प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए उसके महत्व को समझाया। पौध रोग वैज्ञानिक डॉ ज्ञानेंद्र प्रताप तिवारी ने लहसुन में लगने वाले कीट व्याधियों की रोकथाम के बारे बताते हुए कृषकों की समस्याओं का समाधान किया। इस अवसर पर संगोष्ठी में रावे छात्रों ने भी भागीदारी करते हुए जान अर्जित किया एवं कृषकों के समक्ष अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का संचालन वैज्ञानिक डॉ बरखा शर्मा ने किया एवं आभार डॉ शीशराम जाखड़ ने व्यक्त किया। इस अवसर पर केवीके के वैज्ञानिक डॉ रोहिताश भदौरिया एवं चटवा राम काटवा ने उपस्थित रहकर कृषकों को समझाइश प्रदान की।



## सिंह राजपूत सामाजिक संगठन के निर्वाचन संपन्न

**मन्दसौर।** सिंह राजपूत सामाजिक संगठन के सचिव कमलसिंह चौहान ने बताया कि सिंह राजपूत सामाजिक संगठन जो कि रजिस्टर्ड संस्था होकर इस संस्था के प्रत्येक तीन वर्ष में होने वाले निर्वाचन समाज की साधारण सभा में संरक्षक अजयसिंह चौहान एवं पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्रसिंह भदौरिया, अनूप सिंह भदौरिया, एम.पी.सिंह परिहार, पूर्व सचिव विजयसिंह चौहान, ओमसिंह व महिला अध्यक्ष सीमा कुशवाह सहित पूर्व पदाधिकारियों की उपस्थिति में सर्वानुमति से एडवोकेट श्री ईश्वरसिंह चौहान द्वारा सम्पन्न कराये गये। जिसमें सर्वानुमति से अध्यक्ष अशोकसिंह जादौन, उपाध्यक्ष पूरनसिंह तोमर, संदीपसिंह जादौन (बोलिया), हरनाथसिंह चौहान, सचिव कमलसिंह चौहान, संयुक्त सचिव विक्रमसिंह तोमर, कोषाध्यक्ष नारायणसिंह भदौरिया एवं सदस्य के रूप में धर्मपालसिंह बैस व नरेन्द्रसिंह तोमर निर्वाचित किये गये।

समाज के कार्यक्रम का संचालन सत्येन्द्रसिंह सोम द्वारा किया गया। इस दौरान समाज के वरिष्ठजनों ने मार्गदर्शन प्रदान करते हुए मुख्य रूप से समाज में एकजूटता रखने तथा समाज में युवा एवं महिला वर्ग की संख्या को अधिक से अधिक जोड़ने तथा समाज के प्रत्येक व्यक्ति के सुख-दुख में परिवार की तरह कार्य किया जाकर सेवा भावना को जागृत कराते हुए समस्त प्रकार की गतिविधियों, त्यौहार मिलन के साथ राजपूत वर्ग के उत्कृष्ट कार्य करने वाले को सम्मानित करते हुए समाज को उत्थान की ओर अग्रसर करने के विचार व्यक्त किये। आभार पूर्व सचिव विजयसिंह चौहान ने व्यक्त किया।

## राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में जागरूकता शिविर

**मंदसौर/नाहरगढ। जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस मंदसौर में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के उपलक्ष्य में एक वृहद जागरूकता शिविर एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिला विधिक सहायता प्राधिकरण, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग तथा उपभोक्ता संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को उपभोक्ता अधिकारों के प्रति संकल्प दिलाया गया।**




विधिक और कानूनी अधिकारों पर जोर मुख्य अतिथि न्यायाधीश सुधीर सिंह निगवाल (सचिव, जिला विधिक सहायता प्राधिकरण) ने अपने संबोधन में कहा कि उपभोक्ता अपने अधिकारों को पहचानें। यदि आपके साथ कोई धोखाधड़ी होती है, तो विधिक सहायता प्राधिकरण आपको नि:शुल्क कानूनी परामर्श और सहायता प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर है।

विधि विशेषज्ञ उमराव सिंह जैन ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की धाराओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार एक साधारण रसीद भी उपभोक्ता की सबसे बड़ी ताकत बन सकती है। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रदेश सह सचिव नवनीत शर्मा एवं अध्यक्ष विजय कोठरी ने संगठन के ध्येय जागो ग्राहक जागो पर बल दिया। नापतोल निरीक्षक श्री बारापात्रे ने बताया कि बाजार में मिलावट और कम वजन जैसी समस्याओं से लड़ने के लिए सामूहिक जागरूकता आवश्यक है। ग्राहक पंचायत की सदस्य सुश्री डोली मक्कड़ ने ऑनलाइन शॉपिंग से होने वाले फ्रॉड के बारे मे जानकारी दी। जिला आपूर्ति अधिकारी नारायण सिंह चंद्रावत ने शासन द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम की विशेषता यहाँ लगाए गए स्टॉल्स रहे, जहाँ विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया नापतोल विभाग निरीक्षक श्री बारापात्रे ने इलेक्ट्रोनिक कांटों की सत्यता और वजन करने के सही तरीके प्रदर्शित किए। पेट्रोल-गैस सुरक्षा, पेट्रोल की शुद्धता मापने हेतु 'फिल्टर पेपर टेस्ट' और गैस सिलेंडर की एक्सपायरी डेट देखने की विधि समझाई गई। दूरसंचार सेवाओं से जुड़ी शिकायतों के निवारण और डिजिटल फ्रॉड से बचने के तरीके साझा किए गए।

इस अवसर पर विश्वमोहन अग्रवाल (अध्यक्ष, उपभोक्ता उत्थान संगठन), कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी रघुराज सिंह डोडिया एवं श्रीमती आराधना खड़िया ने भी विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर दिए। कॉलेज के प्राचार्य जे. एस. दुबे द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया एंव नारायण सिंह चंद्रावत जिला आपूर्ति अधिकारी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और सामाजिक जिम्मेदारी के लिए आवश्यक हैं।



## सेंट पॉल स्कूल और निर्मल ज्योति विशेष विद्यालय ने मनाया क्रिसमस सेलिब्रेशन

**मन्दसौर। सेंट पॉल स्कूल और निर्मल ज्योति विशेष विद्यालय मंदसौर द्वारा संयुक्त रूप से क्रिसमस सेलिब्रेट किया गया, दोनों ही विद्यालयों के सभी बच्चों ने हर्ष और उल्लास के साथ क्रिसमस सेलिब्रेट किया।**

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सेंट पॉल रीजन उज्जैन के रीजनल डायरेक्टर फादर सिबासटीयन पुलाट, सेंट पॉल स्कूल प्राचार्य बिबिन थॉमस, उपप्राचार्या सिस्टर मेरिन, निर्मल ज्योति विशेष विद्यालय के इंचार्ज फादर दीपू, प्राचार्या सिस्टर मोनसी और सिस्टर जेसना आदि थे, सर्वप्रथम विद्यार्थियों के द्वारा प्रार्थना नृत्य समूह की प्रस्तुति दी गई उसके पश्चात निर्मल ज्योति विशेष विद्यालय के बच्चों ने ईसा मसीह के जन्म के ऊपर सुंदर नाटिका का प्रदर्शन किया, सेंट पॉल स्कूल के बच्चों द्वारा क्रिसमस कैरोल्स सॉन्ग, और छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई। साथ ही मुख्य अतिथि फादर सिबासटीयन पुलाट ने क्रिसमस के बारे में बच्चों को बताया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के नन्हे-नन्हे बच्चों जेहरा, रुद्र, मेहर और मो. हाशिम के द्वारा किया गया। आभार शिक्षक रिचार्ड ने माना, यह जानकारी विद्यालय शिक्षिका प्रिया खाबिया ने दी।



## सुशासन दिवस पर सुशासन भवन में दिलाई सुशासन की शपथ

**मंदसौर। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदंडों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म दिवस 25 दिसंबर के एक दिन पूर्व, 24 दिसंबर 2025 को कलेक्ट्रेट कार्यालय में सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सभी शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों को सुशासन की शपथ दिलाई गई।**

डिप्टी कलेक्टर शुभम पाटीदार ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों से सुशासन की शपथ दिलवाई। शपथ में अधिकारीगण और कर्मचारीगण संकल्पित हुए कि वे प्रदेश में सुशासन के उच्चतम मापदंडों को स्थापित करने, शासन को पारदर्शी, सहभागी और जनकल्याण केंद्रित बनाने तथा जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इसके साथ ही प्रदेश के नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए सदा तत्पर रहेंगे। सुशासन दिवस के अवसर पर जिले के अन्य शासकीय कार्यालयों में भी अधिकारियों और कर्मचारियों को सुशासन की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

**एक नजर** 'जागरूक उपभोक्ता, सशक्त भारत'

## कैडेट्स ने नुक्कड़ नाटक से दिया जागरूकता का संदेश

**मन्दसौर।** सैनिक स्कूल मंदसौर द्वारा राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने हेतु एक प्रभावशाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपभोक्ता अधिकारों पर आधारित नुक्कड़ नाटक कक्षा 9 के कैडेट्स के द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें दैनिक जीवन से जुड़े वास्तविक उदाहरणों एवं अनुभवों के माध्यम से उपभोक्ता शोषण, सही-गलत की पहचान तथा जागरूकता का संदेश दिया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनीष दादूपंथी (शासकीय अधिवक्ता, विशेष लोक अभियोजक कृ केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो एवं नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, भारत सरकार) रहे। ऐसा उनका मार्गदर्शन रहा कि उपभोक्ता को किसी भी वस्तु को खरीदते समय उसकी गुणवत्ता, मूल्य, गारंटी कार्ड की जाँच अवश्य करनी चाहिए तथा बिल हमेशा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता यदि अपने अधिकारों के प्रति सजग रहेगा तो शोषण की संभावना स्वत: कम हो जाएगी। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण कानूनों की जानकारी रखते हुए उनका सही उपयोग करना आज की आवश्यकता है।

इसके अतिरिक्त कक्षा 7 के कैडेट्स द्वारा बनाए गए उपभोक्ता अधिकारों से संबंधित मॉडल एवं कक्षा 8 के कैडेट्स द्वारा बनाए गए पोस्टरों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे कैडेट्स ने अतिथि के समक्ष बहुत ही आत्मविश्वास एवं रोचकता के साथ प्रस्तुत किया।

वहीं कक्षा 6 के कैडेट्स ने उत्पादों की गुणवत्ता, बिल एवं उपभोक्ता अधिकारों से जुड़े संदेशों को टैग करके पूरे विद्यालय में रचनात्मक ढंग से पहुँचाया।

विशेष रूप से कैडेट्स ने मंदसौर शहर के प्रमुख चौराहों - गांधी चौराहा, गुप्ता चौराहा, पुराना बस स्टैंड एवं महाराणा प्रताप बस स्टैंड पर भी मनोरंजक शैली में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर आमजन को उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इस नुक्कड़ नाटक द्वारा दिए गए संदेश की वहां पर उपस्थित नागरिकों द्वारा बहुत प्रशंसा की गई।